**राजेश्वर कुमार विश्वकर्मा** (सहायक प्राध्यापक)

**तारकेश्वर नारायण अग्रवाल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय हरिगांव आरा**

**कक्षा B. प्रथम वर्ष**

**सत्र -2020-22**

**विषय -C7Aसामाजिक विज्ञान का शिक्षण शास्त्र 2**

प्रकरण-शिक्षण की योजना विधि

प्रोजेक्ट (योजना) विधि शिक्षण की नवीन विधि मानी जाती है। इसका विकास शिक्षा में सामाजिक प्रवृत्ति के फलस्वरूप हुआ। शिक्षा इस प्रकार दी जानी चाहिए जो जीवन को समर्थ बना सके। इसके प्रवर्तक जान ड्यूबी के शिष्य डब्ल्यू0एच0 किलपैट्रिक थे। यह विधि अनुभव

केन्द्रित होती है। यह बालकों के समाजीकरण पर विशेष बल देती है।

विद्यार्थियों को क्रियात्मक रूप से विभिन्न विषयों का ज्ञान प्राप्त करने की दिशा में योजना पद्धति (प्रोजेक्ट मेथेड) का बहुत महत्व है। इस पद्धति की विशेषताओं को जानने से पहले हमें इसकी आवश्यकताओं तथा योजना शब्द के अर्थ से परिचित होना आवश्यक है।

**प्रोजेक्ट (Project) शब्द की परिभाषा-**

"A Project is a whole hearted purposeful activity proceeding in a social environment."
-W.H. Kilpatrick

.

**थामस और लैंग के अनुसार-**

“प्रोजेक्ट इच्छानुसार ऐसा कार्य है जिसमें रचनात्मक प्रयास अथवा विचार हो और जिसका कुछ सकारात्मक परिणाम हो”

**प्रोफेसर स्टीवेन्सन के अनुसार-**

प्रोजेक्ट एक समस्या मूलक कार्य है जो अपनी स्वाभाविक परिस्थितियों के अंतर्गत पूर्णता को प्राप्त करता है।

योजना पद्धति के अंतर्गत योजना निर्माण का प्रमुख स्थान है। हम अपने कार्यों के निष्पादन हेतु योजना का निर्माण करते है। उदाहरण के तौर पर मान लीजिए आपके विद्यालय में बाल दिवस के अवसर पर बाल मेला

लगना है और आप को उसमें एक स्टाल लगाना है। आपके सम्मुख यह एक समस्या है और इसके लिये आपको कितने ही कार्य करने पडेगें:
-

सर्वप्रथम आपको यह विचार करना पडेगा कि आप किस सामान का स्टाल लगायेगें, सामान की व्यवस्था कहॉ से करेगें, सामान को स्टाल में रखने हेतु क्या व्यवस्था करेगें। आपकी टीम में कौन-कौन होगा, धन की व्यवस्था कहॉ से करेगें। बेचने खरीदने की क्रिया के उपरान्त हिसाब किताब कैसे रखेगें आदि।

ऐसे ही कार्य या समस्या को हल करने के लिये व्यक्ति स्वाभाविक रूप से इच्छुक रहता है और जिसका निष्कर्ष वह अपने परिश्रम द्वारा निकालता है इस प्रक्रिया को प्रोजेक्ट अथवा योजना कहते है। अतः प्रोजेक्ट एक जीवन अनुभव है जो एक प्रबल इच्छा से प्रेरित होता है और इस इच्छा का प्रयोग ही प्रोजेक्ट पद्धति का आधार है।